## जल जीवन मिशन की समीक्षा हेतु दिनांक 26.04.2025 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 26.04.2025 को सायं 05:00 बजे अधीक्षण अभियंता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा द्वारा जल जीवन मिशन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया–

1. इं0 अंकित, अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
2. इं0 सी0बी0 त्यागी, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
3. इं0 रोहितेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
4. इं0 नगेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
5. इं0 विकास श्रीवास्तव, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
6. इं0 सूरजभान, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
7. इं0 योगेश कुमार, जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
8. इं0 रोहित कुमार, टीम लीडर, टी0पी0आई0 (फिचनर कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा0लि0), आगरा।
9. इं0 अनिल कुमार शाह, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा0लि0), मैनपुरी।
10. इं0 निवासउलू सिरजीरेड्डी, संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

आहूत समीक्षा बैठक में अधीक्षण अभियंता महोदय द्वारा निम्न बिन्दुओं की समीक्षा की गयी एवं निम्नानुसार निर्देशित भी किया गया –

<u>10 करोड़ से अधिक लागत वाली पेयजल योजनाओं की प्रगतिः–</u> अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त पेयजल योजनाओं के अवर जलाशय एवं पम्प हाउस के निर्माण कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है, अब तक मात्र 65 से 70 प्रतिशत निर्माण कार्य ही पूर्ण किया गया है। तदक्रम में अधीक्षण अभियंता महोदय द्वारा कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि 10 करोड़ से अधिक लागत वाली पेयजल योजनाओं पर पर्याप्त संख्या मे मैनपावर/मशीनरी उपलब्ध कराते हुए अवर जलाशय एवं पम्प हाउस के निर्माण कार्य की प्रगति बढ़ाते हुए समस्त कार्य माह मई 2025 तक शत्–प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करेगें। साथ ही जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई को निर्देशित किया गया कि उक्त योजनाओं की अद्यतन प्रगति आख्या अद्योहस्ताक्षरी को प्रति सप्ताह उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।

<u>संचालन एवं अनुरक्षण (O&M) पेयजल योजनाओं की प्रगतिः–</u> कुल प्रस्तावित 418 पेयजल योजनाओं में से कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा अब तक मात्र 27 पेयजल योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण हेतु पोर्टल पर अपलोड की गई है जिसमें से मात्र 10 पेयजल योजनायें ही संचालन एवं अनुरक्षण हेतु अनुमोदित हुई हैं। अधीक्षण अभियंता महोदय द्वारा मै0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि शेष पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण के लिए टी0पी0आई0 से समन्वय स्थापित करते हुए प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करें।

<u>अवर जलाशय की प्रगतिः–</u> अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 197 अवर जलाशय पूर्ण किये जा चुके है जिसमें से 147 नग अवर जलाशय से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। अधीक्षण अभियंता महोदय द्वारा संयुक्त महाप्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि तत्काल डी0आई0 फिटिंग की टीम बढ़ाना सुनिश्चित करें एवं डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 से समन्वय बनाते हुए अवशेष अवर जलाशय के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ लक्ष्यों को शत्–प्रतिशत पूर्ण कराते हुए समस्त अवर जलाशय से नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

<u>सड़क पुर्नस्थापना/मरम्मत की प्रगतिः–</u> अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मा0 जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधान द्वारा प्रायः शिकायते प्राप्त हो रही हैं कि ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कियान्वयन हेतु बिछायी गई पाइप लाइन/वितरण प्रणाली हेतु काटी/क्षतिग्रस्त की गई सड़कें कई माह तक खुदी पड़ी रहती हैं जिससे आम



Scanned with OKEN Scanner

जनमानस को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है एवं दुर्घटना की भी सम्भावना बनी रहती है। तदक्रम में अधीक्षण अभियंता महोदय द्वारा कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि क्षतिग्रस्त सड़को की मानकानुसार शत्–प्रतिशत पुर्नस्थापना कराना सुनिश्चित करेगें।

<u>मशीनरी/मैनपावरः</u>– अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रमान्तर्गत जनपद की निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं पर लगभग 435 मैनपावर उपलब्ध है एवं मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा ग्रुप में प्रतिदिन मैनपावर की सूची ग्राम पचांयत–वार उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। तदक्रम में अधीक्षण अभियंता महोदय द्वारा कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0 के संयुक्त महाप्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थलों पर एक सप्ताह के अन्दर पर्याप्त मैनपावर एवं मशीनरी/मैटेरियल आदि उपलब्ध कराते हुए अवर जलाशय से नियमित पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करेगें।

**समस्त को निर्देशित किया जाता है कि दिये गये उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।**

%/c अधिशासी अभियंता

<u>कार्यालय अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।</u>

पत्रांक– 1838 / बैठक का कार्यवृत्त / 21 दिनांक– 7-5-2025

<u>प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–</u>

1. मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
3. जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
4. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मैनपुरी।
5. संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

%/c अधिशासी अभियंता

letter- 31450 (B)

Scanned with OKEN Scanner